प्रेषिका,

यासामीन अकबर
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, कोर्ट संख्या–5,
इलाहाबाद।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय,
इलाहाबाद।

विषय– परिपत्र संख्या–25/एडमिन (ए) दिनांकित–13 जुलाई 1998, इलाहाबाद के अनुपालन में आवासीय भूमि (अचल सम्पत्ति) खरीदने की सूचना।

महोदय,

माननीय उच्च न्यायालय के उक्त परिपत्र के अनुपालन में आवासीय भूमि (अचल सम्पत्ति) क्रय करने के सम्बन्ध में सूचना निर्धारित प्रारूप में सादर प्रेषित है।

सादर।

भवदीया

Yasmin 27/9/21

(यासामीन अकबर)
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, कोर्ट संख्या–5,
इलाहाबाद।

दिनांक– 27.09.2021

प्रेषक,

यासमीन अकबर
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
न्यायालय संख्या–5, इलाहाबाद।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा–

श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
इलाहाबाद।

विषय– परिपत्र संख्या–25/एडमिन (ए) दिनांकित–13 जुलाई 1998, इलाहाबाद के <u>अनुपालन में आवासीय भूमि (अचल सम्पत्ति) क्रय किये जाने के पूर्व अनुमति प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

ससम्मान् अवगत कराना है कि आराजी खाता संख्या–76, खसरा संख्या–87 मि0, रकबा 2.7090 हे0, फसली वर्ष 1418 से 1423, राजस्व ग्राम इमटौरी, परगना, तहसील व जनपद हापुड़, का जुज भाग 130 वर्ग गज/1170 वर्ग फिट/108.696 वर्गमीटर को मु0–4,50,000/– रूपये में क्रय करने हेतु प्रार्थिनी का मौखिक करार विक्रेता श्री चन्द्र प्रकाश उर्फ चन्दन त्यागी पुत्र श्री सत्येन्द्र सिंह, निवासी तगासराय, हापुड़ परगना व तहसील जिला हापुड़ से हुआ है। प्रार्थिनी उक्त सम्पत्ति को क्रय करना चाहती है। कुल प्रतिफल धनराशि मु0–4,50,000/– रूपये (चार लाख पचास हजार रूपये) प्रार्थिनी अपने बचत खाता (सेलरी एकाउन्ट) से चेक/NEFT/R.T.G.S. के माध्यम से अदा करेगी। प्रार्थिनी उपरोक्त अचल सम्पत्ति क्रय किये जाने से पूर्व माननीय उच्च न्यायालय की अनुमति प्राप्त किये जाने हेतु सर्कुलर के अनुपालन में निम्नलिखित सूचना प्रेषित कर रही है:–

1. सेवा प्रारम्भ करने की तिथि	:– 08.05.2009
2. वर्तमान में कुल वेतन व घर ले जाने वाला वेतन	:– कुल वेतन मु0–1,84,539/– रूपये, घर ले जाने वाला वेतन मु0–1,47,819/–रूपये
3. रूपये 10,000/– से अधिक अचल सम्पत्ति क्रय का विवरण।	:–पूर्व में अचल संपत्ति, प्लाट संख्या–आई 243, स्थित ग्राम अच्छेजा, प्रीति विहार, विस्तार आवासीय योजना क्षेत्रफल 207.76 वर्ग मीटर स्थित जनपद हापुड़ को क्रय किया गया है, जिसके सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय को अनुमति हेतु पत्र निर्धारित प्रारूप पर दिनांक–16.02. 2018 को प्रेषित किया गया था तथा माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या–10974/IV-3660/ admin (A-4) dated 02- 08-2018 द्वारा उक्त सम्पत्ति क्रय किये जाने की अनुमति प्रार्थिनी को प्रदान की गयी। प्रार्थिनी द्वारा दिनांक–16.08. 2018 को विक्रय पत्र निष्पादित होने के उपरान्त दिनांक–05.10.2018 को विक्रय पत्र की प्रति, बैंक खाते का विवरण तथा लोन एकाउन्ट से सम्बन्धित समस्त प्रपत्रों की छायाप्रतियों के साथ सूचना माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित की जा चुकी है।
4. क्या माननीय उच्च न्यायालय से कोई ऋण लिया गया :–	नहीं।
5. क्या बैंक से कोई ऋण लिया गया, यदि हाँ तो उसका विवरण।	:–उपरोक्त वर्णित अचल संपत्ति प्लाट संख्या–आई 243, स्थित ग्राम अच्छेजा, प्रीति विहार, विस्तार आवासीय योजना क्षेत्रफल 207.76 वर्ग मीटर स्थित जनपद हापुड़ को क्रय करने में प्रार्थिनी द्वारा डी0एच0एफ0एल0 बैंक से मु0–21,00396/–रूपये (मु0–20,00000/–रूपये+1,00396/–रूपये बीमा) 10.30 प्रतिशत की दर से 10 वर्ष के लिए कुल मु0–120 किश्तें प्रतिमाह मु0–28,124/– रूपये के लिए स्वीकृत किया गया है, जिसकी किश्तों का भुगतान प्रतिमाह मेरे उक्त सेलरी खाता से किया जाता है।

6. सैकेण्ड हैण्ड वाहन खरीदने के सम्बन्ध में विवरण	:–	लागू नहीं
7. सम्पत्ति का विवरण (प्लाट का क्षेत्रफल) लोकल्टी का नाम आदि भवन या प्लाट उसकी माप :–		आवासीय प्लाट, खाता संख्या–76, गाटा संख्या–87 मि0 2.7090 हे0, फसली वर्ष 1418–1423 राजस्व ग्राम इमटौरी हापुड़, परगना व तहसील व जिला हापुड़, का जुज भाग 130 वर्ग गज / 1170 वर्ग फीट / 108.696 वर्गमीटर ।
8 डीलर / विक्रेता का पूरा नाम और पता	:–	श्री चन्द्रप्रकाश उर्फ चन्दन त्यागी (PAN-AMLPT0847K) पुत्र श्री सतेन्द्र सिंह, निवासी तगासराय, हापुड, परगना व तहसील व जिला हापुड़।
9. क्या डीलर नियमित एवं विख्यात प्राप्त है:–	:–	विक्रेता नियमित विक्रेता नहीं है।
10. क्या न्यायिक अधिकारी से सम्बन्धित है तथा कोई वाद उससे सम्बन्धित निर्णीत किया गया था या लम्बित है।	:–	प्रार्थिनी व प्रार्थिनी के पति का विक्रेता से कोई सम्बन्ध नहीं है और न ही विक्रेता का कोई मुकदमा प्रार्थिनी व प्रार्थिनी के पति श्री नुसरत खान अपर जिला जज कक्ष संख्या–9, इलाहाबाद, के न्यायालय में विचाराधीन है।
11. धनराशि के स्रोत का विवरण:–	:–	प्रार्थिनी की उक्त संपत्ति के प्रस्तावित कुल प्रतिफल मु0–4,50,000 / – का भुगतान अपने बचत खाता संख्या–87152010016663, केनरा बैंक, कटरा शाखा, इलाहाबाद,(सेलरी एकाउन्ट) से चेक / NEFT/R.T.G.S.के माध्यम से किया जायेगा। वर्तमान में प्रार्थिनी के उक्त सेलरी बचत खाता में मु0–9,43,276 / –(नौ लाख तैंतालिस हजार दो सौ छिहत्तर रूपये) धनराशि बैलेंस उपलब्ध है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि मुझे उक्त संपत्ति क्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाए। प्रार्थिनी आपका सदैव आभारी रहेगी।

सादर। भवदीय

Yasmin 27/9/21

(यासमीन अकबर)

दिनांक–27.09.2021

अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
न्यायालय संख्या–5, इलाहाबाद।

संलग्नक–

1. बैंक खाते के पास बुक की छायाप्रति।
2. सर्किल रेट की छायाप्रति।